### एक नजर में

## सक्षम ने मनाई सूरदास जयंती

**गुना।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए समर्पित राष्ट्रीय संगठन सक्षम द्वारा जिला अस्पताल परिसर में संचालित सेवाभारती भोजनालय में महान संत व श्रीकृष्ण भक्त सूरदास जी की जयंती और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर दिव्यांग सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव एवं अखिल भारतीय सेवाभारती के सचिव रामेंद्र सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विभिन्न दिव्यांग विभूतियों का उदाहरण देते हुए कहा कि दिव्यांगजन किसी भी स्तर पर अक्षम नहीं हैं, बल्कि वे समाज में एक स्वावलंबी और गरिमापूर्ण जीवन का निर्वहन कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गुना जिले के दिव्यांगों की सक्रियता की प्रशंसा की। कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से और सशक्त होने के लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाने के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि दिनेश शर्मा ने देश भर में 'सक्षम' द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी और सेवाभारती के सहयोग के प्रति आभार जताया। उन्होंने आगामी भैंसाना यज्ञ के दौरान 'नेत्र महाकुंभ' आयोजित करने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की।

# 80 प्रतिशत क्षेत्रफल में आज भाजपा सरकार

## भाजपा की जिला बैठक आयोजित, दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पर चर्चा हुई

नवभारत न्यूज

**गुना 5 मई का। भारतीय जनता पार्टी की एक जिला कामकाजी बैठक आयोजित की गई जिसमें पार्टी द्वारा चलाया जा रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर चर्चा की गई।**




बैठक में जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री राजेन्द्र सिंह राजपूत, प्रशिक्षण प्रभारी उमेश सिंह रघुवंशी, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, तीनों महामंत्री रविन्द्र सिंह रघुवंशी, संतोष धाकड़ एवं चन्द्रप्रकाश अहिरवार मंचासीन रहे। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, जिले के समस्त मंडल अध्यक्ष एवं समस्त मोर्चा अध्यक्ष अपेक्षित रहे। जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत ने बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल में पार्टी को मिली विजयश्री पर चुनावी प्रक्रिया में अपना योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को धन्यवाद एवं बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रति बधाई एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। जिलाध्यक्ष सिकरवार ने अपने संबोधन में कहा कि आज भाजपा देश के अस्सी प्रतिशत क्षेत्रफल में अपनी सरकार बनाने में सफल हुई है उसका पूरा श्रेय पार्टी के प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को जाता है।

पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को समय समय पर मिलने वाले प्रशिक्षण से ही उनके व्यक्तित्व का विकास होता है और उनमे नेतृत्व क्षमता बढ़ती है।

जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 21-22 मई को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा जिसमें लगभग डेड सौ अपेक्षित कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।वर्ग में कुल बारह सत्र आयोजित किए जाएंगे।सभी सत्रों में वक्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा साथ ही आवास, भोजन, पार्किंग आदि अन्य व्यवस्थाओं के लिए दायित्व दिया गया है।प्रशिक्षण वर्ग के लिए जिला टोली गठित की गई है जिसमें जिला महामंत्री रवींद्र सिंह रघुवंशी जिला संयोजक, शिवपाल परमार, कुसुमलता कुशवाह एवं सुशील दहिफले को टोली में सहसंयोजक नियुक्त किया गया है।

## विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों पर भाजपा की विजय का जश्न मनाया

**आरोन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन के तत्वाधान में दास हनुमान मंदिर चौराहे पर हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल असम एवं पांडिचेरी में ऐतिहासिक विजय पर भाजपा द्वारा विजय उत्सव मनाया। जिसमें एक दूसरे कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी चला कर ढोल दमको के साथ नाच नाच गा कर उत्सव मनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरजीत धाकड़ संजीव सोनी डॉ राजीव सिंह राजावत डॉ कैलाश रघुवंशी महेंद्र सिंह रघुवंशी लखनपुरी गोस्वामी महेंद्र यादव वीर सिंह यादव दयासागर शर्मा दौलत खटीक राम प्रकाश शर्मा लखन जाटव राकेश नरवरिया महेंद्र श्रीमाल प्रमोद सक्सेना रविंद्र धाकड़ नीलम सिंह धाकड़ विशाल सोनी राकेश भार्गव मन्नू अंकित भार्गव आदि उपस्थित रहे।



## उच्च शिक्षा को समर्पित श्री प्रदीप कुमार सेन को पीएच .डी . की उपाधि

**गुना।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन प्रदीप कुमार सेन को शिक्षा विषय में मालवांचल यूनिवर्सिटी, इंदौर द्वारा पीएच.डी. (एजुकेशन) की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। बल्कि शिक्षा जगत के लिये प्रेरणादायक भी है। प्रदीप कुमार सेन शिक्षा क्षेत्र में निर्माण व क्रियान्वन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये अपनी जीवन के 29 वर्ष उच्च शिक्षा में समर्पित किये है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके दूरदर्षी दृष्टिकोण और विचारों ने अनेक छात्रों के भविष्य को नई दिशा दी है। प्रदीप कुमार सेन ने शिक्षा जगत उल्लेखनीय कार्य करते हुये विभिन्न संकायों जैसे नर्सिंग, पैरामेडिकल, मेनेजमेंट, फॉमेसी तकनीकि, क्लिनीकल साइकॉलोजी और लॉ शिक्षण संस्थानों की स्थापना की है। उनके नेतृत्व में ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस रोजगारोंमुखी पाठयक्रमों का संचालन कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुये छात्रों के समग्र विकास पर कार्य



कर रहा है तथा छात्रों के भविष्य निर्माण में ओमकार कॉलेज के सभी महाविद्यालयों ने अहम भूमिका निभायी है। इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत के गणमान्य व्यक्ति संस्था के अन्य संचालकगण आनन्द मंगल व डॉ. मधु कृष्णानी सहित संस्था के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, स्टॉफ और शुभचिंतको ने उन्हें बधाई दी है। प्रदीप कुमार सेन ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, सहयोगियों एवं संस्थान परिवार को देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है। तथा अपने इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च षिक्षा के नये आयामों को उपलब्ध कराना है।

# कलश यात्रा के साथ सिसोदिया कॉलोनी में श्रीराम कथा शुरू

नवभारत न्यूज

**गुना। शहर में धार्मिक आस्था के संगम के साथ संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर से सिसोदिया कॉलोनी स्थित कथा स्थल तक एक कलश यात्रा निकाली गई।**




आयोजन के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा की शोभा बढ़ाई। बैंड-बाजों, घोड़ों और आकर्षक झांकियों के साथ निकली इस यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कथा के पहले दिन साध्वी प्रियंका भारती ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों से अवगत कराया। आयोजन समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान सेवा और एकता का संदेश देते हुए आगामी 14 मई को निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मनकामेश्वर समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## असुरक्षा के अभाव में पुरानी तहसील प्रांगण के खुले रहते हैं दोनों गेट, लोगों ने बनाया बाउंड्री तोड़कर आम रास्ता

नवभारत न्यूज

**कुंभराज। नगर की पुरानी तहसील प्रगाण की बाउंड्री तोड़ कर लोगों ने आम रास्ता बना लिया है उसी रास्ते से निकल रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि नई तहसील बनने से कार्यालय वही शिप्ट हो गया है पुरानी तहसील में प्रशासनिक अधिकारी वी रहते हैं सामान की रक्षा के लिए बाउंड्री बनना बहुत जरूरी है।**



यहां से निकलने वाले रहवासी कही प्रकार लोग निकलते हैं जिसके कारण चोरी होने का खतरा बना रहता है। एसडीएम द्वारा इसको बनाने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं। लेकिन संबंधित अधिकारी द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और बाउंड्री धीरे-धीरे टूटती ही जा रही है आने वाले समय में पूरी बाउंड्री टूटकर यहां पर लोगो का कब्जा भी हो सकता है संबंधित अधिकारी इस और ध्यान दें और बाउंड्री की मरम्मत करवाई जाए, जिससे होने वाली अतिक्रमण ओर चोरी से बचा जा सके।




## राज्य स्तरीय विजेता टीम को समाजसेवी काके सरदार ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**गुना।** 7वीं जूनियर राज्य स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता दिनांक 15 अप्रैल से 16 अप्रैजल तक आयोजित हुई। प्रतियोगिता में गुना टीम ने (बालिका /बालक) शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस खुशी के मोके पर समाजसेवी काके सरदार ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं उज्वल भविष्य की कामना की। जिसमें वरिष्ठ थ्रोबॉल खिलाड़ी अमन माँझी, अदनान ख़ान, फाजिल फ़ारूक़ी मोजूद रहे।

## अवैध कब्जा न छोड़ने पर दो आरोपियों को भेजा जेल

**गुना।** जिले के राघौगढ़ में प्रशासन ने भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघौगढ़ अमित कुमार सोनी के न्यायालय में चल रहे एक प्रकरण में अवैध कब्जा न हटाने पर दो आरोपियों को सिविल जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। आवेदिका लाडबाई (पुत्री नवलसिंह भील), निवासी ग्राम मोहनपुर, जिला विदिशा ने तहसील मधुसूदनगढ़ के ग्राम मोहम्मदपुर स्थित अपनी विभिन्न सर्वे क्रमांक वाली भूमियों पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में न्यायालय द्वारा लंबे समय से सुनवाई की जा रही थी। 03 मई 2026 को दो आरोपियों, डालचंद एवं बनेसिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# महिला की जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन किया कब्जा



नवभारत न्यूज

**गुना। जिले के राघौगढ़ इलाके में एक गरीब महिला की जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। प्रशासन द्वारा एक बार कब्जा हटाने के बाद भी उसकी जमीन पर दोबारा कब्जा कर लिया गया। महिला कोर्ट से केस जीत चुकी है और एसडीएम ने कब्जा करने वालों का वारंट भी निकाला है। हालांकि, अभी तक उसे पकड़ा नहीं जा सका है। मिली जानकारी के अनुसार राघौगढ़ इलाके के डोंगर गांव में रहने वाली मनीषा बाई किरार पत्नी संजीव किरार की लगभग ढाई बीघा जमीन है। उनकी जमीन पर डोंगर के ही रहने वाले कैलाश पुत्र शंकरलाल किरार ने कब्जा कर लिया है। महिला न अपनी जमीन पर जा पा रही है और न ही फसल की बोवनी कर पा रही है।**

मनीषा बाई ने तहसील कोर्ट में कब्जा हटवाने का आवेदन दिया, जिसके बाद एक बार प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कब्जा हटा दिया। कुछ दिन सब ठीक रहा, लेकिन उसके बाद फिर कैलाश और उसके लड़के शोभाराम और सीताराम ने उस जमीन पर कब्जा कर लिया। महिला ने कहा कि यह जमीन तो उसकी है, तो सभी ने मिलकर उसे धमकाया कि वे जमीन से कब्जा नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद महिला ने फिर एसडीएम कोर्ट में आवेदन दिया। इस पर सुनवाई में तहसीलदार और पटवारी से प्रतिवेदन मंगाया गया। प्रतिवेदन में आया कि यह जमीन मनीषा बाई की है और कैलाश ने उस पर जबरन कब्जा किया हुआ है।

एसडीएम ने 16 अप्रैल को कैलाश का गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। हालांकि, अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। महिला ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

**आरोप निराधार** ▶ आरोपी पक्ष बोला-संपत्ति के विवाद को लेकर हुई थी बहस, मारपीट के आरोप निराधार

# जनगणनाकर्मी से मारपीट के मामले में आया नया मोड़

**गुना। रविवार को सामने आए महिला जनगणना कर्मी से विवाद के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। महिलाकर्मी द्वारा लगाए गए आरोपों को नकारते हुए दूसरे पक्ष की ओर से दावा किया है कि पूरा मामला पारिवारिक सम्पत्ति में बंटवारे का है, जिसे जनगणनाकर्मी से मारपीट का रुख दिया जा रहा है।**

बता दें कि रविवार को पठार मोहल्ला क्षेत्र में जनगणना कार्य से गईं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीना चिड़ार ने शहर कोतवाली पुलिस को आवेदन दिया था कि उनके साथ कमलेश चिड़ार, उनकी पत्नि कृष्णा और उनकी 4 बेटियों ने मारपीट की। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें कुछ महिलाएं गुत्मगुत्था होती नजर आ रही थी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की शिकायत जैसे ही कोतवाली पुलिस तक पहुंची, दूसरा पक्ष भी सक्रिय हो गया। मारपीट के गंभीर आरोप का सामना कर रहीं कृष्णाबाई ने बताया कि रीना चिड़ार उनके जेठ की बहू यानी करीबी रिश्तेदार हैं। रीना रविवार को उनके घर आई और सम्पत्ति को बंटवारे को लेकर बहस करने लगी। जनगणना को लेकर तो काफी देर तक कोई चर्चा नहीं हुई। विवाद इतना बढ़ा कि रीना ने कृष्णा के पति कमलेश को अंदर खींच लिया और धक्का देते हुए हुई ले गई। रीना को बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे, खींचातानी में कृष्णाबाई भी उनके साथ सड़क पर जा गिरीं। यही वीडियो में भी नजर आ रहा है। कृष्णा बाई की मानें तो रीना उनसे मारपीट कर रही थीं, इसलिए बीच-बचाव करने के लिए उनकी बेटियां सड़क पर आई थी। रीना से किसी तरह की मारपीट नहीं की गई। कृष्णा बाई ने इस घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को भी देने की बात कही है। उन्होंने दावा किया है कि रीना बाई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता होने की धौंस जमाती हैं और शासकीय कार्य की आड़ में निजी चर्चा कर रही थीं।

## जनगणना कार्य शुरू 31 मई तक चलेगा सर्वे, एसडीएम ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**कुंभराज।** चाचौड़ा क्षेत्र में जनगणना 2026 का कार्य 1 मई से विधिवत शुरू हो गया है जो 31 मई तक जारी रहेगा इस बार सर्वेक्षण कार्य को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके प्रशासन ने इसके लिए व्यापक तैयारी करते हुए और प्रगणकों एवं सुपरवाइजर तैनात किये है जो घर-घर जाकर मकान सूचीकरण और परिवारों की जानकारी एकत्रित कर रहे है। अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र में निरीक्षण करके कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में अनुवागीय अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा विभिन्न गांव में पहुंचकर सर्वे कार्य का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए नागरिकों से भी अपील की गई है कि जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध करवाएं। चाचौड़ा बीनागंज क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए 33 प्रगणकों एवं 9 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं जो घर-घर जाकर जानकारी संकलित कर रहे हैं। इसी क्रम में अनुवागीय अधिकारी रवि मालवीय एवं तहसीलदार मयंक खेमरिया के साथ ग्राम महेशपूरा में पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। प्रगणकों द्वारा किए जा रहे मकान सूचीकरण का जायजा लिया और निर्देश दिए की सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज की जाए साथ ही नागरिकों से अपील की गई है की सर्वे टीम को सहयोग प्रदान करें जिससे सटीक आंकड़े तैयार हो सके।



## दर्दनाक सड़क हादसों में महिला सहित दो की मौत

**गुना।** पिछले 24 घंटों के भीतर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक हलवाई और एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। म्याना मार्ग पर हुए हादसे में एक युवक के लापता होने से मामला संदिग्ध बना हुआ है, वहीं पड़ोसी जिला विदिशा के लटेरी में तेज रफ्तार बाइक ने महिला की जान ले ली। गुना के पुरानी छावनी क्षेत्र में रहने वाले 45 वर्षीय हलवाई गुलाब सिंह पाल सोमवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच अपने साथी राहुल के साथ काम के सिलसिले में बदरवास जा रहे थे। इसी दौरान म्याना मार्ग पर उनका वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुँचे, जहां गुलाब सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे ने तब संदिग्ध मोड़ ले लिया जब पता चला कि गुलाब सिंह के साथ मौजूद राहुल का कोई पता नहीं चल रहा है। राहुल का मोबाइल भी बंद आ रहा है, जिससे परिजन और पुलिस असमंजस में हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे सड़क हादसा मानकर जांच कर रही है और लापता युवक की तलाश जारी है। दूसरी दुखद घटना पड़ोसी विदिशा जिले के लटेरी तहसील के ग्राम ताजपुरा की है। यहां रहने वाली 45 वर्षीय भूरी बाई भील सोमवार शाम करीब 6 बजे गांव में ही एक शादी समारोह से खाना खाकर घर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने अपनी मोटरसाइकिल को लापरवाही और तेज रफ्तार से चलाते हुए उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल गुना के जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मंगलवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## रूपाली कासट बनी माहेश्वरी महिला मंडल जिला की अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**कुंभराज। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा संगठन की बैठक हुई, जिसमे माहेश्वरी महिला संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती रूपाली कासट कुंभराज को चुना गया।**

जिला सचिव पद के लिए श्रीमती श्यामलताझंवर कुंभराज, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती विजया बांगड़ कुंभराज, श्रीमती रेणु सोमानी गुना, कोषाध्यक्ष श्रीमती कृष्णा तापड़िया कुंभराज , संयुक्त मंत्री श्रीमती राजकुमारी काकानी कुंभराज, श्रीमती शशि राठी गुना, संगठन मंत्री श्रीमती पदमा लाहोटी राघोगढ़, श्रीमती श्रीकांता झंवर कुंभराज, प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती ममता माहेश्वरी गुना सांस्कृतिक मंत्री, श्रीमति रिंकी माहेश्वरी गुना को बनाया गया। सभी पदाधिकारियों को बहुत बधाई शुभकामनाएं दी गई। शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



